!! कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अलवर !!

कमांक : स्था./82/2026/ दिनांक : 21 NOV 2026

:: *आ दे श* ::

I

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेश कमांक G/I/B-4(i)(a)/1/76/1139 दिनांक 05.11.2026 के द्वारा श्री सुरेन्द्र सिंह फौजदार, लिपिक ग्रेड द्वितीय का जयपुर जिला न्यायक्षेत्र से अलवर न्यायक्षेत्र में अन्तर जिला न्यायक्षेत्र स्थानान्तरण, आदेश में वर्णित शर्तो के अधीन किया गया है। श्री फौजदार द्वारा दिनांक 20.11.2026 को पूर्वाह्न में इस कार्यालय में अपनी उपस्थिति दी गई है। श्री फौजदार को कार्यालय अपर जिला एंव सेशन न्यायाधीश राजगढ में लिपिक ग्रेड द्वितीय के रिक्त पद पर तुरन्त प्रभाव से पदस्थापित किया जाता है।

II

श्री सुरेन्द्र सिंह फौजदार, लिपिक ग्रेड द्वितीय को इस कार्यालय से आज दिनांक 21.11.2026 को अपरान्ह में कार्यभार मुक्त किया जाकर निर्देश दिया जाता है कि वे अपनी उपस्थिति तुरन्त प्रभाव से कार्यालय अपर जिला एंव सेशन न्यायालय राजगढ में देवे। श्री फौजदार के अवकाश खाते में 05 दिवस के आकस्मिक अवकाश शेष हैं। माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार अन्तर जिला न्यायक्षेत्र स्थानान्तरण पर आये श्री सुरेन्द्र सिंह फौजदार, लिपिक ग्रेड द्वितीय वर्तमान में इस न्यायक्षेत्र में कार्यरत लिपिक ग्रेड द्वितीय की वरीयता सूची में कनिष्ठतम रहेगे। कर्मचारी की उपस्थिति रिपोर्ट की प्रति नियमानुसार इस कार्यालय को भिजवाई जावे।

Sd
(अनन्त भण्डारी)
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
अ ल व र

कमांक : स्था./2026/ 31180-86 दिनांक : 21 NOV 2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अपर जिला एंव सेशन न्यायाधीश राजगढ
2. संबंधित कर्मचारी/व्यक्तिगत पत्रावली/लेखाशाखा/रक्षित पत्रावली
3. सिस्टम ऑफिसर को जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं सम्बंधित न्यायालयों को ई–मेल करने हेतु।

21.11.2026
(अनन्त भण्डारी)
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
अ ल व र